## PART - I / भाग - I
## GENERAL REASONING / सामान्य तर्क

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos. 1 to 20) by selecting the* **correct/most appropriate** *options.*

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 20) के उत्तर देने के लिए* **सही/सबसे उपयुक्त** *विकल्प चुनिए।*

1. Given below is a question followed by two statements numbered **(I)** and **(II)**, each containing some information. Decide which of the statement(s) is/are sufficient to answer the question ?

In a certain code language, 'zu be da' means 'you are beautiful'. Which code word means 'beautiful' in that language ?

**Statements :** (I) 'du ga be da' means 'colourful flowers are beautiful'.

(II) 'ne zu pi' means 'you is me'.

(1) Both **statements (I)** and **(II)** together are necessary to answer the question.

(2) Both **statements (I)** and **(II)** together are not sufficient to answer the question.

(3) **Statement (I)** alone is sufficient to answer the question while **statement (II)** alone is not sufficient.

(4) **Statement (II)** alone is sufficient to answer the question while **statement (I)** alone is not sufficient.

नीचे एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक में कुछ जानकारी है। निर्णय कीजिए कि कौन सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं ?

किसी विशिष्ट भाषा में, 'zu be da' का अर्थ 'you are beautiful' है। उस भाषा में किस कूट शब्द का अर्थ 'beautiful' है ?

**कथन :** (I) 'du ga be da' का अर्थ 'colourful flowers are beautiful' है।

(II) 'ne zu pi' का अर्थ 'you is me' है।

(1) **कथन (I)** और **(II)** दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

(2) **कथन (I)** और **(II)** दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(3) **कथन (I)** अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि **कथन (II)** अकेले पर्याप्त नहीं है।

(4) **कथन (II)** अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि **कथन (I)** अकेले पर्याप्त नहीं है।

2. Neetu, who is Gaurav's daughter, says to Sameeksha, "Your mother Sunita is the youngest sister of my father, who is third child of Shubham". How is Shubham related to Sameeksha ?

(1) Father-in-law (2) Grandfather (3) Father (4) Maternal Uncle

नीतू, जो गौरव की बेटी है, समीक्षा से कहती है, "तुम्हारी माँ सुनीता मेरे पिता की सबसे छोटी बहन है, जो शुभम की तीसरी संतान हैं।" शुभम, समीक्षा से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) ससुर (2) दादा (3) पिता (4) मामा

3. In the following question, a relationship between different elements is shown in the statement followed by three conclusions numbered (I), (II) and (III). Assuming statement to be true, decide which of the conclusions is/are definitely **true**.

**Statement :** $W \le X, X \ge Y, Y < Z$

**Conclusions :** (I) $Z > X$

(II) $W > Y$

(III) $Y > W$

(1) Only conclusions **(II)** and **(III)** are true.
(2) None of the conclusions **(I)**, **(II)** and **(III)** are true.
(3) Only conclusions **(I)** and **(III)** are true.
(4) Only conclusion **(II)** is true.

निम्नलिखित प्रश्न में, कथन में विभिन्न तत्वों के बीच संबंध दर्शाया गया है जिसके बाद तीन निष्कर्ष (I), (II) और (III) दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए, निर्णय कीजिए कि कौन सा/से निष्कर्ष निश्चित रूप से **सत्य** है/हैं ?

**कथन :** $W \le X, X \ge Y, Y < Z$

**निष्कर्ष :** (I) $Z > X$

(II) $W > Y$

(III) $Y > W$

(1) केवल निष्कर्ष **(II)** और **(III)** सत्य हैं।
(2) निष्कर्ष **(I)**, **(II)** और **(III)** में से कोई भी सत्य नहीं है।
(3) केवल निष्कर्ष **(I)** और **(III)** सत्य हैं।
(4) केवल निष्कर्ष **(II)** सत्य है।

4. Three statements are given followed by four conclusions (I) to (IV). Assuming the statements to be true even if they seem to be at variance with commonly known facts. Decide which of the given conclusions is/are logically follow/follows from the statements.

**Statements :** All gems are rocks. Some rocks are minerals. All minerals are salts.

**Conclusions :** **(I)** Some salts are gems.

**(II)** Some minerals are gems.

**(III)** Some rocks are gems.

**(IV)** No salt is gem.

(1) Either conclusion **(I)** or **(IV)** and conclusion **(III)** follow.
(2) Either conclusion **(I)** or conclusion **(IV)** follows.
(3) Only conclusion **(III)** follows.
(4) Only conclusion **(IV)** follows.

तीन कथनों के बाद चार निष्कर्ष (I), (II), (III), (IV) दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यतः तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं ?

**कथन :** सभी रत्न चट्टानें हैं। कुछ चट्टानें खनिज हैं। सभी खनिज लवण हैं।

**निष्कर्ष :** **(I)** कुछ लवण रत्न हैं।

**(II)** कुछ खनिज रत्न हैं।

**(III)** कुछ चट्टानें रत्न हैं।

**(IV)** कोई लवण रत्न नहीं है।

(1) या तो निष्कर्ष **(I)** या **(IV)** और निष्कर्ष **(III)** अनुसरण करते हैं।
(2) या तो निष्कर्ष **(I)** या निष्कर्ष **(IV)** अनुसरण करता है।
(3) केवल निष्कर्ष **(III)** अनुसरण करता है।
(4) केवल निष्कर्ष **(IV)** अनुसरण करता है।

5. Five senior citizens are sitting on the bench. Q is not adjacent to R. T and P are adjacent to S, who is in middle of the row. T is not adjacent to R. Then, if P and T interchange their position, how many are there between T and Q ?

पाँच वरिष्ठ नागरिक एक बेंच पर बैठे हैं। Q, R के बगल में नहीं है। T और P, S के बगल में हैं, S पंक्ति के मध्य में है। T, R के बगल में नहीं है। यदि P और T अपना स्थान बदल लेते हैं, तो T और Q के बीच कितने व्यक्ति हैं ?

(1) 2 (2) 3 (3) 0 (4) 1

6. *Select the letter-number cluster that will replace the question mark (?) in the following series.*

*निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाले अक्षर-संख्या समूह का चयन कीजिए।*

*D3E, H6J, M9P, S12W, __?__.*

(1) *E15J* (2) *P14N* (3) Z15E (4) X14T

7. Aman is standing at the gate of her home facing South. She rotates by 90° anti-clockwise and then rotates by 135° clockwise. Then she runs 6 km straight and turning to her left she runs for 40 km. Finally, after walking 3 km towards her right to reach a park. What is the shortest distance between her home and the park ?

(1) 41 km (2) 43 km (3) 45 km (4) 49 km

अमन अपने घर के गेट पर दक्षिण दिशा की ओर मुँह करके खड़ी है। वह 90° वामावर्त घूमती है और फिर 135° दक्षिणावर्त घूमती है। फिर वह 6 कि.मी. सीधी दौड़ती है और फिर बाईं ओर मुड़कर 40 कि.मी. दौड़ती है। अंत में, दाईं ओर 3 कि.मी. चलने के बाद वह एक पार्क में पहुँचती है। उसके घर और पार्क के बीच की न्यूनतम दूरी कितनी है ?

(1) 41 कि.मी. (2) 43 कि.मी. (3) 45 कि.मी. (4) 49 कि.मी.

8. Study the given diagram carefully and answer the question. The numbers in different sections indicate the number of persons. In this, the triangle represents Doctors, the square represents Males, the circle represents Fathers and the rectangle represents Unemployed.

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं। इसमें त्रिभुज डॉक्टरों को, वर्ग पुरुषों को, वृत्त पिताओं को और आयत बेरोजगारों को दर्शाता है।




How many Female doctors are employed ?

कितनी महिला डॉक्टर कार्यरत हैं ?

(1) 12 (2) 13 (3) 10 (4) 11

9. Five houses are labelled as A, B, C, D and E. D is 60 m to the South of A. C is 70 m to the West of D. B is 90 m to the South of D. E is 80 m to the East of A. In which direction is E with respect to B ?

(1) South-West (2) West (3) East (4) North-East

पाँच घरों को A, B, C, D और E नाम दिए गए हैं। D, A के दक्षिण में 60 मीटर की दूरी पर है। C, D के पश्चिम में 70 मीटर की दूरी पर है। B, D के दक्षिण में 90 मीटर की दूरी पर है। E, A के पूर्व में 80 मीटर की दूरी पर है। B के संदर्भ में E किस दिशा में है ?

(1) दक्षिण-पश्चिम (2) पश्चिम (3) पूर्व (4) उत्तर-पूर्व

10. There are five friends Shankar, Keshav, Nandan, Teja and Pratap. Shankar is shorter than Keshav but taller than Pratap. Nandan is tallest among them. Teja is shorter than Keshav but taller than Shankar. If the position of Teja is 30$^{th}$ from the tallest in a row of 40 persons if they are standing in ascending order of their height, what is the position of Keshav from the shortest of that row ?

(1) 12$^{th}$ (2) 13$^{th}$ (3) 10$^{th}$ (4) 11$^{th}$

पाँच दोस्त शंकर, केशव, नंदन, तेजा और प्रताप। शंकर, केशव से छोटा है लेकिन प्रताप से लंबा है। नंदन उनमें सबसे लंबा है। तेजा, केशव से छोटा है लेकिन शंकर से लंबा है। यदि 40 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, जहाँ वे अपनी ऊँचाई के बढ़ते क्रम में खड़े हैं, तेजा का स्थान सबसे लंबे व्यक्ति से 30 वाँ है, तो उस पंक्ति में सबसे छोटे व्यक्ति से केशव का स्थान क्या है ?

(1) 12वाँ (2) 13वाँ (3) 10वाँ (4) 11वाँ

11. Select the number that will replace the question mark (?) in the following series.

निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या का चयन कीजिए।

1441, 1098, 882, __?__, 693, 666

(1) 791 (2) 774 (3) 768 (4) 757

12. Given below is a question followed by two statements numbered **(I)** and **(II)**, each containing some information. Decide which of the statement(s) is/are sufficient to answer the question ?

What is Gayatri's age ?

**Statements :** (I) Average of 10 and Gayatri's age is 4 less than Gayatri's age.

(II) Total age of Vinmayi and Gayatri is 54 and Vinmayi is Gayatri's mother.

(1) Both **statements (I)** and **(II)** together are necessary to answer the question.

(2) Both **statements (I)** and **(II)** together are not sufficient to answer the question.

(3) **Statement (I)** alone is sufficient to answer the question while **statement (II)** alone is not sufficient.

(4) **Statement (II)** alone is sufficient to answer the question while **statement (I)** alone is not sufficient.

नीचे एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक में कुछ जानकारी है। निर्णय कीजिए कि कौन सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं ?

गायत्री की आयु क्या है ?

**कथन :** (I) 10 और गायत्री की आयु का औसत, गायत्री की आयु से 4 कम है।

(II) विनमयी और गायत्री की कुल आयु 54 वर्ष है और विनमयी, गायत्री की माँ हैं।

(1) **कथन (I)** और **(II)** दोनों प्रश्न का उत्तर देने के लिए एक साथ आवश्यक हैं।

(2) **कथन (I)** और **(II)** दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(3) केवल **कथन (I)** प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि केवल **कथन (II)** पर्याप्त नहीं है।

(4) केवल **कथन (II)** प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि केवल **कथन (I)** पर्याप्त नहीं है।

13. The minute hand was showing North-East at 8:45 a.m. A man started his journey at 4:30 a.m. in the direction of the hour hand of the clock. In which direction is he started ?

(1) West (2) South (3) North (4) East

सुबह 8:45 बजे मिनट की सुई उत्तर-पूर्व दिशा में थी। एक व्यक्ति ने सुबह 4:30 बजे घंटे की सुई की दिशा में अपनी यात्रा शुरू की। उसने किस दिशा में अपनी यात्रा शुरू किया ?

(1) पश्चिम (2) दक्षिण (3) उत्तर (4) पूर्व

14. Study the following letter sequence and answer the question :

(Left) Q T R Z M O P B G A W N S C Y D E U V I K H X J F L (Right)

If the order of last eighteen letters in the given sequence are reversed, which of the following will be the sixth letter to the left of thirteenth letter from the right end ?

निम्नलिखित अक्षर अनुक्रम का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(बाएँ) Q T R Z M O P B G A W N S C Y D E U V I K H X J F L (दाएँ)

यदि दिए गए अनुक्रम में अंतिम अठारह अक्षरों का क्रम उलट दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर दाएँ छोर से तेरहवें अक्षर के बाईं ओर छठा अक्षर होगा ?

(1) P (2) G (3) Q (4) B

15. One term in the following number series is wrong. Find the wrong term.

निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में एक पद गलत है। गलत पद ज्ञात कीजिए।

48, 62, 78, 96, 118, 138

(1) 96 (2) 138 (3) 78 (4) 118

16. S, U, P, R, V, Q and T are colleagues. Each of them have different designations - Field Supervisor, Caretaker, Manager, Senior Assistant, Storekeeper, Accountant and Cashier (not necessarily in the same order). There are three ladies. U is senior to V and U is junior to P only. The one who is Caretaker is the senior most. S is manager and he is junior to Q, who is Senior Assistant. T is Storekeeper, is senior to V and junior to S. R's female friend is the Junior most. No lady is either Cashier or Caretaker. U is a girl and she is Field Supervisor. The junior most in the group is not a Cashier. What is the designation of R ?

(1) Cashier (2) Manager (3) Accountant (4) Caretaker

S, U, P, R, V, Q और T सहकर्मी हैं। उनमें से प्रत्येक के अलग-अलग पद हैं-फील्ड सुपरवाइज़र, केयरटेकर, मैनेजर, वरिष्ठ सहायक, स्टोरकीपर, अकाउंटेंट और कैशियर (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। इनमें से तीन महिलाएँ हैं। U, V से वरिष्ठ है और U केवल P से कनिष्ठ है। जो व्यक्ति केयरटेकर है, वह सबसे वरिष्ठ है। S प्रबंधक है और वह Q से कनिष्ठ है, वरिष्ठ सहायक है। T स्टोरकीपर है, वह V से वरिष्ठ और S से कनिष्ठ है। R की महिला मित्र सबसे कनिष्ठ है। कोई भी महिला न तो कैशियर है और न ही केयरटेकर। U एक लड़की है और वह फील्ड सुपरवाइजर है। समूह में सबसे कनिष्ठ व्यक्ति कैशियर नहीं है। R का पद क्या है ?

(1) कैशियर (2) मैनेजर (3) अकाउंटेंट (4) केयरटेकर

17. In the following series, some of the letters are missing which are given in that order as one of the alternatives. Choose the **correct** option.

निम्नलिखित शृंखला में, कुछ अक्षर लुप्त हैं जो उसी क्रम में विकल्पों में से एक के रूप में दिए गए हैं। **सही** विकल्प चुनिए।

a_bc_a_bcda_ccd_bcd_

(1) acbdbb (2) abddbd (3) adbcad (4) adbbad

18. Five family members are sitting adjacent to each other in a row of 36 persons facing East. Punit is left of Qadir but right of Robert. Singh is right of Qadir but left of Tsimo. If Tsimo is thirteenth from the North, then what is the position of Punit from South end of the row ?

(1) $27^{th}$ (2) $28^{th}$ (3) $19^{th}$ (4) $20^{th}$

परिवार के पाँच सदस्य पूर्व की ओर मुख करके 36 व्यक्तियों की एक पंक्ति में एक-दूसरे के बगल में बैठे हैं। पुनीत, कादिर के बाएँ लेकिन रॉबर्ट के दाएँ है। सिंह, कादिर के दाएँ लेकिन सिमो के बाएँ है। यदि सिमो उत्तर से तेरहवें स्थान पर है, तो पंक्ति के दक्षिणी छोर से पुनीत का स्थान क्या है ?

(1) 27वाँ (2) 28वाँ (3) 19वाँ (4) 20वाँ

19. In a dinner party a group of people were served both fish and meat. Some took only fish and some only meat. There were some vegetarians who did not accept either. The rest accepted both fish and meat.

Which of the following Venn diagrams best reflects the situation ?

एक डिनर पार्टी में लोगों के एक समूह को मछली और मांस दोनों परोसे गए। कुछ लोगों ने सिर्फ़ मछली ली और कुछ ने सिर्फ़ मांस। कुछ शाकाहारी ऐसे भी थे जिन्होंने दोनों में से कुछ भी नहीं लिया। बाकी लोगों ने मछली और मांस दोनों स्वीकार किए। निम्नलिखित में से कौन सा वेन आरेख इस स्थिति को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है ?




20. Two statements are given below and these are labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**.

**Assertion (A) :** Baking soda creates acidity in the stomach.

**Reason (R) :** Baking soda is alkaline.

Select the **correct** answer from the following options :

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.

(2) **(A)** is false but **(R)** is true.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

नीचे दो कथन दिए गए हैं और इन्हें **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** से चिह्नित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** बेकिंग सोडा पेट में अम्लता पैदा करता है।

**कारण (R) :** बेकिंग सोडा क्षारीय होता है।

निम्नलिखित विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

(1) **(A)** सत्य है लेकिन **(R)** असत्य है।

(2) **(A)** असत्य है लेकिन **(R)** सत्य है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

## PART - II / भाग - II

## NUMERICAL ABILITY / संख्यात्मक क्षमता

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos. 21 to 40) by selecting the correct/most appropriate options.*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 21 से 40) के उत्तर देने के लिए सही/ सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

21. The value of $\dfrac{(1.5)^2 + 22.09 + (3.8)^2 - (1.5)(4.7) - 3.8(4.7 + 1.5)}{(1.5)^3 + (4.7)^3 + 3.8 \times 14.44 - 4.5 \times 4.7 \times 3.8}$ is :

$\dfrac{(1.5)^2 + 22.09 + (3.8)^2 - (1.5)(4.7) - 3.8(4.7 + 1.5)}{(1.5)^3 + (4.7)^3 + 3.8 \times 14.44 - 4.5 \times 4.7 \times 3.8}$ का मान है :

(1) 0.3 (2) 10 (3) 0.1 (4) 1

22. A person bought a fan at a discount of 20% on its printed price. He now marks it 40% above the printed price and sells it by giving 15% discount on the marked price. What is his gain percent ?

कोई व्यक्ति एक पंखे को इस पर छपे मूल्य पर 20% की छूट लेकर खरीदता है। अब वह इसको छपे मूल्य से 40% अधिक पर अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 15% की छूट देकर बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत क्या है ?

(1) 45% (2) 48.75% (3) 39% (4) 42.25%

23. If the 5-digit number $974xy$ is divisible by 3, 7 and 11, what is the value of $(x^2+y^2+xy)$ ?

यदि 5-अंकीय संख्या $974xy$, संख्याओं 3, 7 और 11 से विभाज्य है, तो $(x^2+y^2+xy)$ का मान क्या है ?

(1) 82 (2) 84 (3) 74 (4) 80

24. Study the following table and answer the question :

**Number of cars sold by a company during January to June, 2024**

| Month | No. of cars sold | Ratio of diesel to petrol engine cars |
|---|---|---|
| January | 330 | 5 : 6 |
| February | 480 | 13 : 11 |
| March | 510 | 8 : 9 |
| April | 420 | 11: 10 |
| May | 630 | 3 : 4 |
| June | 540 | 4 : 5 |

80% of the total number of cars (petrol engine) sold by the company during January, March an May is what percent more than the total number of cars (diesel engine) sold during February an June ?

निम्न सारणी का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

**जनवरी से जून, 2024 के दौरान कंपनी द्वारा बेची गई कारों की संख्या**

| मास | बेची गई कारों की संख्या | डीज़ल और पेट्रोल इंजन की कारों में अनुपात |
|---|---|---|
| जनवरी | 330 | 5 : 6 |
| फरवरी | 480 | 13 : 11 |
| मार्च | 510 | 8 : 9 |
| अप्रैल | 420 | 11: 10 |
| मई | 630 | 3 : 4 |
| जून | 540 | 4 : 5 |

जनवरी, मार्च और मई में बेची गई कारों (पेट्रोल इंजन) की कुल संख्या का 80%, फरवरी और जून में बेची गई कुल कारें (डीजल इंजन) की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(1) 29.6% (2) 30% (3) 25.5% (4) 28%

25. When article A is sold for ₹ 2,592, there is a loss of 19%. When article B is sold for ₹ 5,856, there is a profit of 22%. If both A and B are sold for a total of ₹ 8,360, then what will be the percent loss/gain ?

(1) Loss, 5% (2) Gain, 6% (3) Loss, 2.5% (4) Gain, 4.5%

जब वस्तु A को ₹ 2,592 पर बेचा जाता है, तो 19% हानि होती है। जब वस्तु B को ₹ 5,856 पर बेचा जाता है, तो 22% लाभ प्राप्त होता है। यदि A और B दोनों को कुल ₹ 8,360 पर बेचा जाए, तो क्या हानि/लाभ प्रतिशत होगा ?

(1) हानि, 5% (2) लाभ, 6% (3) हानि, 2.5% (4) लाभ, 4.5%

26. Train P running at the speed of 72 km/h, crosses train Q whose length is two-third of the length of train P, in 18 seconds. Train Q is running at 63 km/h in the direction opposite to that of train P. Train Q passes a platform in 32 seconds. What is the length (in m) of the platform ?

72 km/h की चाल से चलती हुई रेलगाड़ी P, एक दूसरी रेलगाड़ी Q को, जिसकी लंबाई P की लंबाई की दो-तिहाई है, 18 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी Q की चाल 63 km/h है और यह रेलगाड़ी P की विपरीत दिशा में चल रही है। रेलगाड़ी Q एक प्लेटफार्म को 32 सेकंड में पार करती है। उस प्लेटफार्म की लंबाई (m में) क्या है ?

(1) 290 (2) 300 (3) 270 (4) 280

27. One diagonal of a rhombus is $6\sqrt{3}$ cm and the other diagonal is equal to its side. What is the area (in $cm^2$) of the rhombus ?

किसी समचतुर्भुज का एक विकर्ण $6\sqrt{3}$ से.मी. है और दूसरा विकर्ण इसकी भुजा के बराबर है। इस समचतुर्भुज का क्षेत्रफल (से.मी.$^2$ में ) क्या है ?

(1) $36\sqrt{3}$ (2) $24\sqrt{3}$ (3) $18\sqrt{3}$ (4) $12\sqrt{3}$

28. Let $x$ be the least number which when divided by 4, 6, 9, 18 and 24, leaves 3 as remainder in each case and $x$ is divisible by 11. What is the sum of digits of $x$ ?

माना कि $x$ एक ऐसी न्यूनतम संख्या है जिसे जब 4, 6, 9, 18 और 24 से भाग दिया जाए, तो शेषफल प्रत्येक स्थिति में 3 प्राप्त होता है तथा $x$, संख्या 11 से विभाज्य है। $x$ के अंकों का योग क्या है ?

(1) 12 (2) 11 (3) 13 (4) 14

29. If $x = \dfrac{(32)^{-\frac{1}{5}} \times (243)^{\frac{4}{5}}}{(1296)^{\frac{3}{4}}}$ and $y = \dfrac{\left(\frac{3}{2^3}\right)^{-1} \times \left(\frac{2}{3}\right)^{-3} + \left(-\frac{1}{3}\right)^{-1}}{11 - (0.1)^{-1}}$ then, $\dfrac{x}{y}$ is equal to :

यदि $x = \dfrac{(32)^{-\frac{1}{5}} \times (243)^{\frac{4}{5}}}{(1296)^{\frac{3}{4}}}$ है और $y = \dfrac{\left(\frac{3}{2^3}\right)^{-1} \times \left(\frac{2}{3}\right)^{-3} + \left(-\frac{1}{3}\right)^{-1}}{11 - (0.1)^{-1}}$ हैं, तो $\dfrac{x}{y}$ बराबर है :

(1) $2^{-5}$ (2) $3 \times 2^{-4}$ (3) $3 \times 2^{3}$ (4) $2^{3}$

30. In the following series :

2, 6, 30, 60, 130, $x$, $y$, .............

What is the value of $(x+y)$ ?

निम्न श्रेणी में $x$ और $y$ का योग क्या है ?

2, 6, 30, 60, 130, $x$, $y$, .............

(1) 560 (2) 580 (3) 410 (4) 470

31. The compound interest on a certain sum for 2 years at 15% p.a. is ₹ 4,634, when the interest i compounded 8-monthly. What will be the simple interest on the same sum for same period an same rate ?

किसी राशि पर 2 वर्ष में 15% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 4,634 है, जबकि ब्याज प्रति 8 मास पश्चात संयोजित है। उस राशि पर उसी समय में और उसी दर पर साधारण ब्याज क्या होगा ?

(1) ₹ 4,400 (2) ₹ 4,440 (3) ₹ 4,200 (4) ₹ 4,260

32. In a class, the ratio of the number of boys and girls is 4 : 5. The average height of boys is 156 cm and the average height of girls is 1.4 cm less than the average height of all the boys and girls in th class. What is the average height (in cm) of girls ?

किसी कक्षा में, लड़के तथा लड़कियों की संख्या में 4 : 5 का अनुपात है। लड़कों की औसत लंबाई 156 से.मी. है औ लड़कियों की लंबाई कक्षा में सभी लड़के और लड़कियों की औसत लंबाई से 1.4 से.मी. कम है। लड़कियों की औसत लंबा (से.मी. में ) क्या है ?

(1) 154.6 (2) 154.25 (3) 152.6 (4) 152.85

33. If $\dfrac{9+72\div 3-2\times(3-2)-3}{5+2 \text{ of } 3\div 3 \text{ of } 2\times 3}=\dfrac{a}{b}$, where a and b are coprimes, then what is the value of (a – b) is :

यदि $\dfrac{9+72\div 3-2\times(3-2)-3}{5+3 \text{ का } 2\div 2 \text{ का } 3\times 3}=\dfrac{a}{b}$ है, जहाँ a तथा b सहअभाज्य हैं, तो (a – b) का मान है :

(1) 5 (2) 6 (3) 1 (4) 2

34. Given that a : (b+c) = 3 : 5, b : (a+c) = 5 : 7 and a+b+c = k. If c = 540, then what is the value of k ?

दिया है कि a : (b+c) = 3 : 5, b : (a+c) = 5 : 7 और a+b+c = k है। यदि c = 540 है, तो k का मान क्या है ?

(1) 2592 (2) 2616 (3) 2520 (4) 2544

35. Anita's savings are 16% of her expenditure. If her expenditure increases by 43.2% and savings increase by 30%, then by approximately what percent does her income increase ?

अनिता की बचत उसके व्यय के 16% के बराबर है। यदि उसके व्यय में 43.2% की वृद्धि और बचत में 30% की वृद्धि होती है, तो उसकी आय में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि होती है ?

(1) 52.6 (2) 63.2 (3) 40.8 (4) 41.4

36. If $\frac{\sqrt{35+5\sqrt{13}}-\sqrt{35-5\sqrt{13}}}{3-\sqrt{10}} = a + b\sqrt{10}$, then what is the value of (a – b) ?

यदि $\frac{\sqrt{35+5\sqrt{13}}-\sqrt{35-5\sqrt{13}}}{3-\sqrt{10}} = a + b\sqrt{10}$ है, तो (a – b) का मान क्या है ?

(1) 9 (2) – 10 (3) 5 (4) – 7

37. 60% employees of a company are females and 25% of these females earn more than ₹ 45,000 per month. If 45% of all the employees earn more than ₹ 45,000 per month, then the percentage of males earning ₹ 45,000 or less per month is :

किसी कंपनी में 60% कर्मचारी महिलाएँ हैं और उनमें से 25% महिलायें प्रतिमास ₹ 45,000 से अधिक कमाती हैं। यदि सभी कर्मचारियों के 45% कर्मचारी प्रतिमास ₹ 45,000 से अधिक कमाते हैं, तो पुरुषों की प्रतिशतता, जो प्रतिमास ₹ 45,000 या इससे कम प्रतिमास कमाते हैं, निम्न है :

(1) 24% (2) 30% (3) 20% (4) 25%

38. The ratio of spirit and water in two solutions A and B are 3 : 5 and 2 : 3, respectively. They are mixed in the ratio 3 : 2. What is the percentage of spirit in the resulting solution ?

घोल A और घोल B में स्पिरिट और जल क्रमशः 3 : 5 और 2 : 3 के अनुपात में हैं। A और B को 3 : 2 के अनुपात में मिलाया जाता है। इस प्रकार प्राप्त परिणामी घोल में स्पिरिट कितने प्रतिशत है ?

(1) 38.5% (2) 40.5% (3) 35% (4) 36%

39. A can do a certain work in 36 days. B is $33\frac{1}{3}\%$ less efficient than A. They started the work together, but A left 4 days before the completion of the work. In how many days was the whole work completed ?

A किसी काम को 36 दिनों में कर सकता है। B, A से $33\frac{1}{3}\%$ कम कार्यकुशल है। दोनों ने मिलकर काम करना आरंभ किया, परंतु A काम समाप्त होने से 4 दिन पहले काम छोड़कर चला गया। काम को पूरा होने में कुल कितने दिन लगे ?

(1) 28 (2) 30 (3) 20 (4) 24

40. Pipes A and B can fill a tank in 8 hours and 20 hours, respectively. Pipe C is an outlet pipe. All the three pipes are opened for 3 hours and 40% the tank got filled. In how many hours will pipes A and C together fill the remaining part of the tank ?

पाइप A और पाइप B किसी टंकी को क्रमशः 8 घंटे और 20 घंटे में भर सकते हैं। पाइप C एक निकास पाइप है। तीनों पाइपों को एक साथ 3 घंटे के लिए खोला गया और टंकी का 40% भाग भर गया। शेष भाग को पाइप A और C मिलकर कितने घंटों में भरेंगे ?

(1) $7\frac{1}{5}$ (2) 8 (3) $6\frac{1}{2}$ (4) 7

## PART - III / भाग - III

## BASIC COMPUTER LITERACY / आरम्भिक कम्प्यूटर साक्षरता

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos. 41 to 60) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 41 से 60) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**41.** Which one of the following should **not** be considered as a Cyber Crime ?

(1) Picking up 100 new and empty pen drives from a stall and running away without making payment.

(2) Sending an email containing threatening text.

(3) Posting provocative text on social media site to damage someone's identity.

(4) Getting the access of someone's online bank account and transfer funds without owner's consent.

निम्नलिखित में से किसे साइबर अपराध **नहीं** माना जाता है ?

(1) किसी स्टॉल से 100 नई और खाली पेन ड्राइव उठाकर बिना भुगतान किए भाग जाना।

(2) धमकी भरा ईमेल भेजना।

(3) किसी की पहचान को नुकसान पहुँचाने के लिए सोशल मीडिया साइट पर भड़काऊ संदेश पोस्ट करना।

(4) किसी के ऑनलाइन बैंक खाते तक पहुँच प्राप्त करना और मालिक की अनुमति के बिना फंड ट्रांसफर करना।

**42.** Which of the following is the smallest unit of data in a computer ?

(1) Nibble (2) Word (3) Byte (4) Bit

कंप्यूटर में डेटा (data) की सबसे छोटी इकाई निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(1) निबल (Nibble) (2) वर्ड (Word) (3) बाइट (Byte) (4) बिट (Bit)

**43.** It is an easy to use online tool available to create digital presentations containing Text, Image, illustrations and Video :

(1) Notepad (2) VLC Media Player

(3) Google Slides (4) MS Paint

यह टेक्स्ट, इमेज, इलस्ट्रेशन और वीडियो युक्त डिजिटल प्रेजेंटेशन बनाने के लिए उपलब्ध एक आसान ऑनलाइन टूल है :

(1) नोटपैड (2) VLC मीडिया प्लेयर

(3) गूगल स्लाइड्स (4) MS पेंट

**44.** In the context of Computer Networks, the acronym TCP/IP, the T refers to :

(1) Transport (2) Transformer

(3) Transmission (4) Transfer

कंप्यूटर नेटवर्क के संदर्भ में, संक्षिप्त नाम TCP/IP, T का अर्थ है :

(1) ट्रांसपोर्ट (Transport) (2) ट्रांसफार्मर (Transformer)

(3) ट्रांसमिशन (Transmission) (4) ट्रांसफर (Transfer)

45. Which one is the default file extension of the latest versions of MS Excel spreadsheets ?
MS Excel स्प्रेडशीट के नवीनतम संस्करणों की डिफ़ॉल्ट फ़ाइल एक्सटेंशन कौन सी है ?
(1) .sheets (2) .ods (3) .xlsx (4) .excel

46. ________ is a processed, organized, and structured data that has been given context and meaning.
(1) Program (2) Instruction (3) Raw Data (4) Information
________ एक प्रोसेस्ड, व्यवस्थित और स्ट्रक्चर्ड डेटा है जिसे संदर्भ और अर्थ दिया गया है।
(1) प्रोग्राम (2) इंस्ट्रक्शन (3) रॉ (Raw) डेटा (4) इनफार्मेशन

47. Out of the following, ________ software helps to protect computer systems from malware.
(1) Web Browser (2) Cookies (3) Antivirus (4) File Explorer
निम्नलिखित में से, ________ सॉफ़्टवेयर कंप्यूटर सिस्टम को मैलवेयर (malware) से बचाने में मदद करता है।
(1) वेब ब्राउज़र (2) कुकीज़ (3) एंटीवायरस (4) फ़ाइल एक्सप्लोरर

48. Which of the following will be considered as a good password for an online account keeping Cyber Safety in mind ?
साइबर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, ऑनलाइन अकाउंट के लिए निम्नलिखित में से कौन सा पासवर्ड अच्छा माना जाएगा ?
(1) `2#K9@Ytx*` (2) `loveupapa` (3) `1234ABCD` (4) `myboss`

49. ________ is a most widely used software, which helps to view and explore text, picture and video content on the World Wide Web.
(1) Search Engine (2) Browser
(3) Web Server (4) Operating System
________ एक सबसे व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला सॉफ़्टवेयर है, जो वर्ल्ड वाइड वेब पर टेक्स्ट, चित्र और वीडियो सामग्री को देखने और एक्सप्लोर करने में मदद करता है।
(1) सर्च इंजन (2) ब्राउज़र
(3) वेब सर्वर (4) ऑपरेटिंग सिस्टम

50. Which among the following is an application software ?
(1) Operating System
(2) WinRAR
(3) LibreOffice
(4) Antivirus
निम्नलिखित में से कौन सा एक एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर है ?
(1) ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System)
(2) विनरार (WinRAR)
(3) लिब्रेऑफ़िस (LibreOffice)
(4) एंटीवायरस (Antivirus)

51. ________ is an input device that creates a digital image of a paper document.

(1) Joystick (2) Barcode reader (3) Scanner (4) Light Pen

________ एक इनपुट डिवाइस है जो कागज़ के दस्तावेज़ की डिजिटल छवि बनाता है।

(1) जॉयस्टिक (2) बारकोड रीडर (3) स्कैनर (4) लाइट पेन

52. It helps in accessing, editing, storing and allowing collaboration on documents online :

(1) Memory Stick (2) Hard Disk (3) Google Drive (4) Pen Drive

यह ऑनलाइन दस्तावेज़ों तक उपयोग करना, उन्हें संपादित करने, संग्रहीत करने और उन पर सहयोग करने में मदद करता

(1) मेमोरी स्टिक (2) हार्ड डिस्क (3) गूगल ड्राइव (4) पेन ड्राइव

53. Which among the following is an output device ?

(1) Barcode Reader (2) Plotter

(3) Scanner (4) Joystick

निम्नलिखित में से कौन सा आउटपुट डिवाइस है ?

(1) बारकोड रीडर (2) प्लॉटर

(3) स्कैनर (4) जॉयस्टिक (Joystick)

54. Which of the following is the full form of URL ?

(1) Uniform Resource Location

(2) Universal Resource Location

(3) Universal Resource Locator

(4) Uniform Resource Locator

निम्नलिखित में से URL का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेशन (Uniform Resource Location)

(2) यूनिवर्सल रिसोर्स लोकेशन (Universal Resource Location)

(3) यूनिवर्सल रिसोर्स लोकेटर (Universal Resource Locator)

(4) यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर (Uniform Resource Locator)

55. Identify one **invalid** IP address out of the following (as per IPv4) :

निम्नलिखित में से एक **अमान्य** IP पता पहचानें (IPv4 के अनुसार) :

(1) 91.4.5.256 (2) 10.0.0.1 (3) 192.0.23.204 (4) 201.34.50.1

56. A system in which participants in different locations are able to communicate with each other using audio and video :
(1) Video Conference
(2) Blog
(3) Podcast
(4) Email
एक ऐसी प्रणाली जिसमें विभिन्न स्थानों पर मौजूद प्रतिभागी ऑडियो और वीडियो का उपयोग करके एक-दूसरे से संवाद कर सकते हैं :
(1) वीडियो कॉन्फरेंस (Video Conference)
(2) ब्लॉग (Blog)
(3) पॉडकास्ट (Podcast)
(4) ईमेल (Email)

57. Which of the following is an example of system software ?
(1) Device Driver (2) LibreOffice
(3) MS Paint (4) Notepad
निम्नलिखित में से कौन सा सिस्टम सॉफ़्टवेयर (system software) का उदाहरण है ?
(1) डिवाइस ड्राइवर (Device Driver) (2) लिब्रेऑफ़िस (LibreOffice)
(3) एमएस पेंट (MS Paint) (4) नोटपैड (Notepad)

58. The main/primary memory of a computer is also called :
(1) Hard Disk (2) Cache (3) Pen Drive (4) RAM
कंप्यूटर की मेन/प्राइमरी मेमोरी को यह भी कहा जाता है :
(1) हार्ड डिस्क (2) कैश (3) पेन ड्राइव (4) RAM

59. The shortcut key to 'Find and Replace' option in Windows is :
विंडोज़ में 'ढूँढ़ने और बदलने' ('Find and Replace') विकल्पों का शॉर्टकट की (key) है :
(1) Ctrl + X (2) Ctrl + H (3) Ctrl + C (4) Ctrl + V

60. Which of the following is an example of an open-source operating system ?
(1) MacOS
(2) Ubuntu
(3) Microsoft Windows
(4) iOS
निम्नलिखित में से कौन सा ओपन-सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम का उदाहरण है ?
(1) मैकओएस (MacOS)
(2) उबंटू (Ubuntu)
(3) माइक्रोसॉफ्ट विंडोज (Microsoft Windows)
(4) आई.ओ.एस. (iOS)

# PART - IV / भाग - IV

## GENERAL KNOWLEDGE / सामान्य ज्ञान

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos. 61 to 80) by selecting the* ***correct/most appropria*** *options.*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 61 से 80) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**61.** Which of the following Fundamental Rights is available to both citizens and non-citizens India ?

(a) Right to Freedom of Speech and Expression

(b) Right to Life and Personal Liberty

(c) Right to Form Associations or Unions

Choose the **correct** answer :

(1) Only (a) and (b)  (2) (a), (b) and (c)

(3) Only (a)  (4) Only (b)

निम्नलिखित में से कौन सा/से मौलिक अधिकार भारत के नागरिक और गैर-नागरिक दोनों को उपलब्ध हैं?

(a) वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति का अधिकार

(b) जीवन और वैयक्तिक स्वतंत्रता का अधिकार

(c) संघ या यूनियन बनाने का अधिकार

**सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (a) और (b)  (2) (a), (b) और (c)

(3) केवल (a)  (4) केवल (b)

**62.** In the Ecological pyramid of biomass, which of the following organisms has the lowest biomass

(1) Secondary consumer  (2) Tertiary consumer

(3) Primary consumer  (4) Producer

जैवद्रव्यमान (बायोमास) के पारिस्थितिकीय पिरामिड में निम्नलिखित में से किस जीव का बायोमास न्यूनतम है?

(1) द्वितीयक उपभोक्ता  (2) तृतीयक उपभोक्ता

(3) प्राथमिक उपभोक्ता  (4) उत्पादक

63. Which of the following physical quantity is represented by Scalars ?

(1) Velocity (2) Temperature (3) Force (4) Displacement

निम्नलिखित में से कौन सी भौतिक राशि अदिश है ?

(1) वेग (2) तापक्रम (3) बल (4) विस्थापन

64. Which of the following statements is **incorrect** about the ULLAS scheme also known as the New India Literacy Programme (NILP) ?

(1) Encourages learners to access educational content in regional languages via the DIKSHA portal and the ULLAS Mobile App/Portal.

(2) Allows Flexibility for States/UTs to undertake innovative activities under the scheme.

(3) Foundational Literacy and Numeracy will be imparted through Critical Life Skills to all non-literates in the age group of 15 years and above.

(4) The implementation of ULLAS is only in online mode.

उल्लास योजना जिसे अभिनव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एन.आई.एल.पी.) भी कहा जाता है, के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है ?

(1) इसमें अधिगम कर्त्ताओं को दीक्षा पोर्टल और उल्लास मोबाइल ऐप/पोर्टल के माध्यम से प्रादेशिक भाषाओं में शैक्षणिक विषयवस्तु प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(2) इस योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को नवोन्मेषी कार्यकलाप के निष्पादन हेतु लचीला रुख अपनाने की अनुमति है।

(3) 15 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह के सभी निरक्षर व्यक्तियों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

(4) उल्लास का कार्यान्वयन केवल ऑनलाइन विधि से होता है।

65. Which of the following river is known as the "Sorrow of Bihar" ?

(1) Brahmaputra (2) Kosi (3) Kaligandak (4) Ganga

निम्नलिखित में से किस नदी को 'बिहार का शोक' कहा जाता है ?

(1) ब्रह्मपुत्र (2) कोसी (3) कालीगंडक (4) गंगा

L2

66. Which of the following pairs won the Sahitya Akademi Yuva Puraskar, 2025 in Benga[li] language ?

| | Author | Book |
|---|---|---|
| (1) | Sudeshna Moitra | Ekrokha Chiruni Tollashi |
| (2) | Prajjal Paul | Bunte Bunte |
| (3) | Deep Ghosh | Kholamkuchi |
| (4) | Tanmay Mondal | Bore |

निम्नलिखित में से किस युग्म ने बंगाली भाषा की श्रेणी में वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार जीता ?

| | रचयिता | पुस्तक |
|---|---|---|
| (1) | सुदेषणा मोइत्रा | एकरोखा चिरुणी तोलाशी |
| (2) | प्रज्जल पॉल | बुंटे बुंटे |
| (3) | दीप घोष | खोलमकुची |
| (4) | तन्मय मंडल | बोरे |

67. Match the United Nations International Year themes/topics in the Column (A) with the Yea[r] mentioned in Column (B) :

| | (A) | | (B) |
|---|---|---|---|
| (a) | International Year of Volunteers for Sustainable Development | (i) | 2023 |
| (b) | International Year of Sustainable and Resilient Tourism | (ii) | 2025 |
| (c) | International Year of Dialogue as a Guarantee of Peace | (iii) | 2026 |
| (d) | International Year of Peace and Trust | (iv) | 2027 |

**कॉलम (A)** में दिए गए संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष के कथ्य/विषय को **कॉलम (B)** में उल्लिखित संबंधित वर्ष के स[ाथ] सुमेलित कीजिए :

| | (A) | | (B) |
|---|---|---|---|
| (a) | संधारणीय विकास के लिए स्वयंसेवियों का अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष | (i) | 2023 |
| (b) | संधारणीय और समुत्थानशील अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन वर्ष | (ii) | 2025 |
| (c) | शांति की गारंटी के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय संवाद वर्ष | (iii) | 2026 |
| (d) | अन्तर्राष्ट्रीय शांति और न्यास वर्ष | (iv) | 2027 |

*Choose the **correct** answer from the code given below :*

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(2) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)

(3) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

68. Match the recipients of the Nobel Peace Prize **(Column A)** with their Year of Award **(Column B)** :

| (A) (Noble Prize Recipients) | | (B) (Year of Award) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Narges Mohammadi | (i) | 2021 |
| (b) | Maria Ressa and Dmitry Muratov | (ii) | 2024 |
| (c) | Ales Bialiatski, Memorial and Centre for Civil Liberties | (iii) | 2022 |
| (d) | Nihon Hidankyo | (iv) | 2023 |

**कॉलम (A)** में उल्लिखित नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं को **कॉलम (B)** में पुरस्कृत किए जाने के वर्ष से सुमेलित कीजिए :

| (A) ( नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ) | | (B) ( पुरस्कार दिए जाने का वर्ष ) | |
|---|---|---|---|
| (a) | नर्गिस मोहम्मदी | (i) | 2021 |
| (b) | मारिया रेसा और द्मित्री मुराटोव | (ii) | 2024 |
| (c) | एलेस बायलैत्स्की, मेमोरियल एण्ड सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज | (iii) | 2022 |
| (d) | निहन हिदेंक्यो | (iv) | 2023 |

Choose the **correct** answer from the code given below :

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)

(2) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)

(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)

(4) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)

69. The battle of Alaboi was fought between which of the following ?

(1) Dimasa Kingdom and Burmese Army

(2) Ahom Kingdom and Mughals

(3) Koch Kingdom and Portuguese East India Company

(4) Jaintia and Khasi Kingdom and British East India Company

अलाबोई का युद्ध निम्नलिखित में से किनके मध्य लड़ा गया था ?

(1) दीमासा साम्राज्य और बर्मा की सेना

(2) अहोम साम्राज्य और मुगल

(3) कोच साम्राज्य और पूर्तगाली ईस्ट इंडिया कंपनी

(4) जैन्टिया और खासी साम्राज्य तथा ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी

70. Consider the following statements regarding 2025 Wimbledon Lawn Tennis Championship for men's singles category :

(a) The men's singles title was won by a player from Italy.

(b) Jannik Sinner lost in the men's singles final.

(c) Carlos Alcaraz won the singles title.

(d) Roger Federer has won the men's singles trophy highest number of times.

Choose the **correct** answer from the code given below :

(1) Only (b), (c) and (d)
(2) Only (a), (b) and (d)
(3) Only (b) and (c)
(4) Only (a) and (d)

वर्ष 2025 में पुरुष एकल श्रेणी के लिए आयोजित विम्बल्डन लॉन टेनिस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) पुरुष एकल का खिताब इटली के एक खिलाड़ी ने जीता।

(b) जैनिक सीनर पुरुष एकल की अंतिम पारी में पराजित हुआ।

(c) कार्लोस अल्काराज ने एकल खिताब जीता।

(d) रोजर फेडरर ने सबसे अधिक बार पुरुष एकल ट्रॉफी जीता है।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (b), (c) और (d)
(2) केवल (a), (b) और (d)
(3) केवल (b) और (c)
(4) केवल (a) और (d)

71. Consider the following statements about 'Mission Mausam' :

(a) It is a transnational project on maritime routes and cultural landscapes across the Indian Ocean rim.

(b) It is a project of the Ministry of Earth Sciences (MoES).

Choose the **correct** answer :

(1) Both (a) and (b) are correct
(2) Neither (a) nor (b) is correct
(3) (a) is correct
(4) (b) is correct

'मिशन मौसम' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) यह समस्त भारतीय महासागरीय रिम में सामुद्रिक मार्ग और सांस्कृतिक भू-क्षेत्र संबंधी पराराष्ट्रिय परियोजना है।

(b) यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की परियोजना है।

**सही** उत्तर चुनिए :

(1) (a) और (b) दोनों सही हैं
(2) न तो (a) न (b) सही है
(3) (a) सही है
(4) (b) सही है

72. According to the Global Energy Review 2025, which of the following are the top two coal consuming countries in the world ?

(1) China and Brazil (2) India and Brazil

(3) China and USA (4) China and India

वैश्विक ऊर्जा समीक्षा, 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में कौन से देश विश्व के शीर्षस्थ दो कोयला उपभोक्ता देश हैं ?

(1) चीन और ब्राजील (2) भारत और ब्राजील

(3) चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका (4) चीन और भारत

73. After the Revolt of 1857, Bahadur Shah Zafar was sentenced to life imprisonment and sent to which prison ?

(1) Chunar Fort Prison (2) Ahmednagar Fort Prison

(3) Cellular Jail, Port Blair (4) Rangoon Jail

1857 के विद्रोह के बाद बहादुरशाह जफर को आजीवन कारावास का दण्ड दिया गया और तत्पश्चात उसे किस कारागृह में भेजा गया था ?

(1) चूनार फोर्ट प्रिजन (2) अहमदनगर फोर्ट प्रिजन

(3) सेल्यूलर जेल, पोर्ट ब्लेयर (4) रंगून जेल

74. Consider the following statements about Integrated GST (IGST) in India :

(a) IGST is levied on inter-state supply of goods and services.

(b) IGST is collected only by State Government.

Choose the **correct** answer :

(1) Both (a) and (b) are correct (2) Neither (a) nor (b) is correct

(3) (a) is correct (4) (b) is correct

भारत में लागू एकीकृत जी.एस.टी. (आई.जी.एस.टी.) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) आई.जी.एस.टी. माल और सेवा की अन्तरराज्यीय आपूर्ति पर प्रभारित होता है।

(b) आई.जी.एस.टी. केवल राज्य सरकार द्वारा संग्रहित किया जाता है।

**सही** उत्तर चुनिए :

(1) (a) और (b) दोनों सही हैं (2) न तो (a) न (b) सही है

(3) (a) सही है (4) (b) सही है

75. Consider the following statements :

(a) Indonesia is included in the list of G20 countries.

(b) Indonesia has a parliamentary system like India and the President is elected indirectly.

Choose the **correct** answer :

(1) Both (a) and (b) are correct
(2) Neither (a) nor (b) is correct
(3) (a) is correct
(4) (b) is correct

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) इंडोनेशिया जी-G20 देशों की सूची में शामिल है।

(b) इंडोनेशिया में भारत की ही तरह संसदीय प्रणाली है और राष्ट्रपति का निर्वाचन अप्रत्यक्ष रूप से होता है।

**सही** उत्तर चुनिए :

(1) (a) और (b) दोनों सही हैं
(2) न तो (a) न (b) सही है
(3) (a) सही है
(4) (b) सही है

76. The UNDP measures Gender Social Norm Index (GSNI), as part of Human Development. Which of the following is **not** among the four key dimensions for GSNI ?

(1) Reproductive
(2) Economic
(3) Political
(4) Educational

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.) में जेंडर सामाजिक मानक सूचकांक की माप मानव संसाधन विकास के अंश के रूप में की जाती है। निम्नलिखित में से क्या जेंडर सामाजिक मानक सूचकांक (जी.एस.एन.आई.) के चार मुख्य आयामों में सम्मिलित **नहीं** है ?

(1) प्रजनन (जनन क्षमता)
(2) आर्थिक
(3) राजनीतिक
(4) शैक्षणिक

77. Which of the following is a 'solid solution' ?

(1) Glucose dissolved in water
(2) Copper dissolved in gold
(3) Camphor in nitrogen gas
(4) Chloroform mixed with nitrogen gas

निम्नलिखित में से कौन सा 'ठोस विलयन' है ?

(1) जल में विलयित ग्लूकोस
(2) स्वर्ण में विलयित ताम्र
(3) नाइट्रोजन गैस में कपूर
(4) नाइट्रोजन गैस मिश्रित क्लोरोफॉर्म

78. Which of the following domain is placed under the standard-'Professional Growth and Development' in the National Professional Standard for Teachers (NPST), a guiding document brought out by National Council for Teacher Education (NCTE) ?

(1) Professional Relationship
(2) Technology use and integration in education
(3) Content Development for students learning
(4) Learning needs

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शी दस्तावेज 'अध्यापकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक' (एन.पी.एस.टी.) में निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक को व्यावसायिक संवृद्धि और विकास के अन्तर्गत रखा गया है?

(1) व्यावसायिक संबंध
(2) शिक्षा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का प्रयोग और एकीकरण
(3) विद्यार्थियों के अधिगम के लिए विषय-सूची तैयार करना
(4) अधिगम की आवश्यकताएँ

79. The setting up of the Inter-State Council in 1990 was a result of the recommendations of which of the following Commission ?

(1) Nanavati Commission
(2) Shah Commission
(3) Kothari Commission
(4) Sarkaria Commission

निम्नलिखित में से किस आयोग की सिफारिश पर वर्ष 1990 में अन्तर्राज्यीय परिषद का गठन हुआ था?

(1) नानावती आयोग
(2) शाह आयोग
(3) कोठारी आयोग
(4) सरकारिया आयोग

80. Consider the following statements regarding the national football championship for men :

(a) West Bengal is the winner of the 2024-25 national football championship for men.
(b) The runner-up team (second placed) receives Sampangi Cup.
(c) The third placed team receives Kamla Gupta Trophy.
(d) West Bengal are the most successful team in the history of national football championship for men having won 33 titles.

Choose the **correct** answer from the code given below :

(1) Only (c) and (d) are correct
(2) Only (a) and (d) are correct
(3) Only (a) and (b) are correct
(4) Only (b) and (c) are correct

पुरुष वर्ग के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) वर्ष 2024-25 में पुरुष वर्ग के लिए आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का विजेता पश्चिम बंगाल है।
(b) रनर अप (दूसरे स्थान पर आनेवाली टीम) को सम्पांगी कप दिया जाता है।
(c) तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को कमला गुप्ता ट्रॉफी दिया जाता है।
(d) पुरुष वर्ग के लिए हुए राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के इतिहास में पश्चिम बंगाल 33 खिताब जीतकर सर्वाधिक सफल टीम है।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (c) और (d) सही हैं
(2) केवल (a) और (d) सही हैं
(3) केवल (a) और (b) सही हैं
(4) केवल (b) और (c) सही हैं

## PART - V

## LANGUAGE COMPETENCY TEST - ENGLISH

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos. 81 to 90) by selecting the correct/most appropriate options.*

**81.** In the following sentence, identify the part which contains an error.

I think / I met you / at the grocer's shop, / isn't it ?
(A) (B) (C) (D)

(1) (C) (2) (D) (3) (A) (4) (B)

**82.** Rearrange the parts in correct order to make a meaningful sentence.

(A) he sped away

(B) without leaving a trace

(C) when I asked the stranger

(D) who he was

(1) (C), (D), (A), (B) (2) (D), (C), (A), (B)

(3) (A), (B), (C), (D) (4) (C), (D), (B), (A)

**83.** Fill in the blank with the correct preposition.

The family, once reasonably prosperous, is now steeped ________ poverty.

(1) in (2) of (3) with (4) from

**84.** Fill in the blank with an appropriate article.

The other day I got busy and had ________ late lunch at home.

(1) the (2) no article (3) a (4) an

**85.** Choose the word nearest in meaning to the given word.

Destitution

(1) vagrancy (2) poverty (3) prosperity (4) hunger

**86.** Choose the option in which the given sentence has been **correctly** changed from Active Voice to Passive Voice.

Who taught you English at the college level ?

(1) By whom were you taught English at the college level ?

(2) English was taught to you by whom at the college level ?

(3) Who had been teaching you English at the college level ?

(4) At the college level, by whom were you taught English ?

87. Choose the meaning of the underlined idiom from among the given options.

There is <u>no love lost</u> between the two brothers.

(1) have a love-hate relationship with each other

(2) are sworn enemies

(3) dislike each other

(4) respect each other

88. Identify the clause of the underlined part in the given sentence.

The person <u>who was wearing a long, loose coat</u> is my long-lost friend from college days.

(1) Adverb clause (2) Principal clause

(3) Noun clause (4) Adjective clause

89. Choose the word opposite in meaning to the given word.

Gaudy

(1) ugly (2) dirty (3) bright (4) drab

90. In the given sentence, choose the option which **correctly** identifies the part of speech of the underlined word.

The <u>needs</u> of an ascetic are few and far between.

(1) Noun (2) Conjunction (3) Verb (4) Pronoun

## PART - VI

## LANGUAGE COMPETENCY TEST - HINDI

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 91 से 100) के उत्तर देने के लिए* **सही/ सबसे उपयुक्त** *विकल्प चुनिए।*

91. 'कपीश' का संधि-विच्छेद है :
(1) कपि + इश (2) कपि + ईश (3) कपी + ईश (4) कपी + इश

92. 'क्षण में नष्ट होने वाला' के लिए एक शब्द है :
(1) क्षणमात्र (2) क्षणभर (3) क्षणिक (4) क्षणभंगुर

93. व्याकरणिक दृष्टि से **सही** वाक्य का चयन करिए :
(1) नए नित शोध होते है क्षेत्र में ज्ञान के।
(2) है एक समस्या यह भी पाठ्यक्रम की।
(3) पाठ्य-सामग्रियों का होना चाहिए पुनरीक्षण।
(4) ज्ञान की रचना में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी हो।

94. 'यथोचित' का सामासिक विग्रह है :
(1) यथा के अनुसार उचित
(2) जो अनुचित हो
(3) यथा और उचित
(4) जो उचित हो

95. "सभी ________ ने निबंध लिखे।"
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए **सही** शब्द का चयन करिए -
(1) बालिका (2) बालिकाएँ (3) बालिकाओं (4) बालक

96. 'स्वयं को संकट में डालना' के भाव को व्यक्त करने वाला मुहावरा है :
(1) जान पर खेलना।
(2) खून खौल उठना।
(3) छप्पर फाड़ कर देना।
(4) काम तमाम कर देना।

97. निम्नलिखित वाक्य के लिए **सही** विरामचिह्नों का चयन कीजिए।
"हमनें अभी तक पाठ्यचर्या,पाठ्यक्रम और पाठ्यसामग्री पर चर्चा की है"
(1) , । (2) । । (3) ; ? (4) , !

98. वर्तनी की दृष्टि से **सही** शब्द है :
(1) स्वास्थ्य (2) सवास्थ्य (3) स्वस्थ्य (4) स्वासथ्य

99. 'जल' का पर्यायवाची शब्द है :
(1) सरोवर (2) सरोद (3) सरोज (4) सलिल

100. "मेरे विद्यालय का ________ बहुत ही सुंदर है।"
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही शब्द का चयन करिए।
(1) भावन (2) भ्रमण (3) भवन (4) भुवन